INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 15	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

आज पिंटू घर में अकेला था उसके मम्मी- पापा पासपोर्ट आफिस गए हुए थे । अगले दिन गणित परीक्षा होने के कारण भी वे पिंटू को घर पर ही छोड़ गए थे ।वह पढ़ रहा था। वह सदा परीक्षा में अच्छे अंक लाकर पास होता था ।परन्तु इस बार वह बीमारी के कारण परीक्षाओं की तयारी अच्छी तरह से नहीं कर पाया था ।इसलिए वह मम्मी -पापा के साथ नहीं गया था। वह जल्दी- जल्दी सिलेबस समाप्त करना चाहता था ताकि वह वह एक बार दोहराई भी कर सके।

उनको गए हुए अभी एक घंटा ही हुआ होगा कि दरवाजे की घंटी बजी ।पिंटू ने अंदर से कहा जी आप कौन हैं ? बाहर खड़े व्यक्ति ने कहा, “आप का कोरियर है । जल्दी से बाहर आकर ले लीजिए”। पिंटू दरवाजा खोलने जा ही रहा था कि उसे याद आया कि मम्मी अक्सर कहती हैं कि अजनबी के लिए दरवाजा नहीं खोलना चाहिए और खासकर जब आप घर पर अकेले हों । अगर ऐसे में कोई आता है तो उसे ऐसा नहीं लगना चाहिए कि आप घर पर अकेले हैं । मम्मी की बात का ध्यान आते ही उसे एक उपाए सूझा । उसने बाहर झाँककर देखा । उसने देखा कि एक कोरियर वाला व्यक्ति हाथ में एक चमकीला सा गिफ्ट पैकेट लिए खड़ा है।कोरियर वाले व्यक्ति ने फिर कहा जल्दी कीजिए।पिंटू ने आता हूँ कह कर ज़ोर से कहा, दादी माँ कोरियर वाले अंकल आए हैं । आप लेने जाएँगी या मैं जाऊँ। अभी पिंटू का वाक्य पूरा भी नहीं हुआ था कि कोरियर वाले अंकल बाहर से नौ दो ग्यारह हो गए।पिंटू की समझदारी के कारण आज वह तथा उसका घर सुरक्षित था ।

शिक्षा - हर काम करने से पहले जरुर सोचें, अजनबियों पर भरोसा न करें ।

प्रश्न– 1 घर में अकेला कौन था?

* पिंटू * सोनू * मीना * रमन

प्रश्न – 2 पासपोर्ट आफिस कौन गए हुए थे?

* पिंटू के मम्मी- पापा * पिंटू के दादा- दादी

* पिंटू के नाना-नानी * पिंटू के चाचा -चाची

प्रश्न – 3अगले दिन किस विषय की परीक्षा थी?

*हिंदी की परीक्षा *विज्ञान की परीक्षा

*गणित की परीक्षा *अंग्रेजी की परीक्षा

प्रश्न – 4 इस बार वह परीक्षाओं की तयारी क्यों नहीं कर पाया था ?

*बीमारी के कारण * शादी के कारण

*वर्षा के कारण * खेलों के कारण

प्रश्न – 5 वह जल्दी- जल्दी क्यों सिलेबस समाप्त करना चाहता था?

*दोहराई करने के लिए *घूमने जाने के लिए

*खेलने जाने के लिए *गिफ्ट लेने के लिए

प्रश्न – 6 मम्मी- पापा के जाने के कितनी देर बाद दरवाजे की घंटी बजी थी?

*एक घंटे बाद *दो घंटे बाद

*तीन घंटे बाद *चार घंटे बाद

प्रश्न – 7 दरवाजे के बाहर खड़ा व्यक्ति कौन था ?

*सब्जीवाला *बसवाला *कोरियर वाला *फ़ल वाला

प्रश्न – 8 अजनबी के लिए दरवाजा नहीं खोलना चाहिए और खासकर जब आप घर पर अकेले हों – ऐसा कौन कहता था ?

*मम्मी *पापा *दादा *दादी

प्रश्न – 9 कोरियर वाले व्यक्ति के हाथ में क्या था ?

*एक चमकीला सा डिब्बा * एक चमकीला सा गिफ्ट पैकेट

*एक चमकीला सा कपड़ा * एक चमकीला सा फूलदान

प्रश्न – 10 गद्यांश में से ढूँढ़कर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए –

*1 अनेक - ---------------- * 2 पिछले - ---------------

*3 रात - ---------------- * 4 बाहर - ----------------